# ब्रिज के नीचे बदली जर्जर पाइप लाइन

## अब पुरानी इटारसी शहरवासियों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

नवभारत न्यूज़

**इटारसी, 29 जून. नगर पालिका परिषद इटारसी ने पुरानी इटारसी क्षेत्र में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ब्रिज के नीचे वार्ड क्रमांक 6 में वर्षों पुरानी जर्जर 12 इंच की मुख्य जलापूर्ति पाइप लाइन को बदल दिया है.**

सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नई पाइप लाइन के जॉइंट कार्य के अंतिम चरण का निरीक्षण कर अधिकारियों को शेष कार्य समय-सीमा में पूरा कर शीघ्र जलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार कार्य सोमवार रात तक पूरा होने की संभावना है.अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पुरानी पाइप लाइन नालियों के नीचे से गुजरने के कारण जर्जर हो गई थी, जिससे दूषित पानी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं. विभागीय जांच में समस्या की पुष्टि होने के बाद नई पाइप लाइन सुरक्षित स्थान पर बिछाई गई है, जिससे गंदे पानी के रिसाव की आशंका समाप्त होगी और नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा.नई पाइप लाइन शुरू होने के बाद वार्ड क्रमांक 6 से बजरंग पान भंडार के आगे तक के क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को निर्बाध जलापूर्ति का लाभ मिलेगा. साथ ही लंबे समय से बनी दूषित पानी की समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद है.



> नगर पालिका ने आश्वासन दिया है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जिन सड़कों की खुदाई की गई है, वहां सभी कनेक्शन और जॉइंट का कार्य पूरा होते ही सड़क का पुनर्स्थापन कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद जिम्मी कैथवास, इंजीनियर आदित्य पांडे, राजा मालवीय सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे.

# खेल सामग्री खरीदी घोटाले में प्राचार्य कामिनी समेत चार पर एफआईआर

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 29 जून. शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में खेल सामग्री की खरीदी में सामने आए करीब साढ़े 9 लाख रुपये के कथित घोटाले के मामले में कोतवाली पुलिस ने प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन समेत चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों में भंडार शाखा प्रभारी, लेखाशाखा प्रभारी तथा मेसर्स वैष्णवी इंटरप्राइजेज शामिल हैं.**

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(5) और 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन सहित तीन अन्य आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है.प्रारंभिक जांच में आरोप है कि करीब साढ़े 9 लाख रुपये की खेल सामग्री की खरीदी दर्शाकर उसका भुगतान कर दिया गया, जबकि संबंधित सामग्री महाविद्यालय में पहुंची ही नहीं. इसके बावजूद स्टॉक रजिस्टर, वाउचर तथा अन्य अभिलेखों में सामग्री प्राप्त होने की प्रविष्टि दर्ज कर दी गई.

मामले की शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक जांच कराई गई थी. कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने प्रारंभिक जांच की, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की. फिलहाल, खरीद प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी तथा वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच जारी है.



# आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 29 जून. सुन्नी मुस्लिम काज़ियात कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने सोशल मीडिया पर पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब एवं उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा सिद्दीका के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में सोमवार को सिटी कोतवाली पहुंचकर ज्ञापन सौंपा.**

प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध जीरो एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की.कमेटी के जिला सचिव मोहम्मद जुनैद ताज़ी ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित वीडियो से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. उन्होंने कहा कि यह मामला सामाजिक सौहार्द से भी जुड़ा हुआ है. वहीं, जिला उपाध्यक्ष सलीम खान ने आरोप लगाया कि वीडियो में धार्मिक व्यक्तित्वों के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं. नर्मदापुरम शहर काज़ी हाफिज अशफाक अली की मौजूदगी में सौंपे गए ज्ञापन में पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की गई. इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी, उलेमा एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे.



# अवैध उत्खनन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

▶ रेत खनन करती हुई दो पनडुब्बी मशीनें कीं जब्त

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 29 जून. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सतत कार्रवाई की जा रही है.**

इसी क्रम में सोमवार को तहसील सिवनी मालवा के ग्राम बाबरी एवं पथाडा क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा रेत के अवैध उत्खनन की जांच की गई. जांच के दौरान दो पनडुब्बी मशीनें अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए पाई गईं, जिन्हें मौके से जब्त कर पुलिस थाना सिवनी मालवा में अभिरक्षा में रखा गया है. संयुक्त कार्रवाई में नायब तहसीलदार पूनम सिंह सलामे, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान तथा पुलिस बल की उपस्थिति रही. टीम द्वारा अवैध उत्खनन में प्रयुक्त मशीनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.



# लायन मनीष शाह को मिला 'पीस पोस्टर प्लाक' सम्मान

नवभारत न्यूज़

**पिपरिया, 29 जून. लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष ए.पी. सिंह ने मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 के तत्कालीन काउंसिल चेयरपर्सन लायन मनीष शाह को सदस्यता वृद्धि एवं क्लब विस्तार में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'पीस पोस्टर प्लाक' सम्मान से सम्मानित किया है.**

आधिकारिक पत्र के अनुसार वर्ष 2025-26 के राष्ट्रपति पदक की पात्रता के मानदंडों में बदलाव के कारण कई योग्य सदस्यों को यह सम्मान नहीं मिल सका. ऐसे में मनीष शाह की उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया.उनके नेतृत्व में मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 में 6,690 नए सदस्य जुड़े तथा 170 नए लायंस क्लबों का गठन हुआ, जिससे भारत में सदस्यता वृद्धि एवं क्लब विस्तार के क्षेत्र में यह डिस्ट्रिक्ट अग्रणी रहा.अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि मनीष शाह भविष्य में भी मानव सेवा के कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हुए लायंस इंटरनेशनल के मिशन को आगे बढ़ाते रहेंगे.

> सदस्यता वृद्धि एवं क्लब विस्तार में उत्कृष्ट योगदान के लिए
>
> भारत में क्लब विस्तार के क्षेत्र में यह डिस्ट्रिक्ट अग्रणी रहा

# वरिष्ठ भाजपा नेता भोपाल सिंह पटेल का निधन

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 29 जून. वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रसिद्ध समाजसेवी भोपाल सिंह पटेल का सोमवार को निधन हो गया. उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है.**

भोपाल सिंह पटेल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ माने जाते थे. उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. राजनीति के साथ-साथ वे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी काफी सक्रिय रहते थे. उन्होंने माल्हनवाड़ा ग्राम के विभिन्न धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और विकास कार्यों में विशेष योगदान दिया था.उनके निधन पर भाजपा के प्रमुख नेताओं, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है.क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उनका जाना संगठन और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है.



# आरोग्य मप्र अभियान के तहत आयुष विंग में हुआ एलोवेरा का पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 29 जून. मप्र शासन के आयुष विभाग द्वारा संचालित 'आरोग्य मध्यप्रदेश अभियान' एवं 'हरित आयुष वनौषधीय पौधरोपण अभियान' के अंतर्गत सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग, नर्मदापुरम में औषधीय पौधे एलोवेरा का पौधरोपण किया गया.**

यह अभियान आयुष विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. करोंजिया के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है. अभियान का उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान आयुष संस्थानों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरित वातावरण के साथ-साथ औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है.आयुष विंग प्रभारी डॉ. ए. के. पुष्कर ने बताया कि एलोवेरा एक महत्वपूर्ण एवं बहुउपयोगी औषधीय पौधा है. आयुर्वेद में इसका उपयोग उदर संबंधी रोगों, त्वचा रोगों, अग्निदग्ध (जलने) की स्थिति में तथा महिलाओं में मासिक धर्म चक्र को नियमित करने सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में प्रभावी रूप से किया जाता है.

उन्होंने कहा कि ऐसे औषधीय पौधों का रोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. इस अवसर पर आयुष विंग के श्री संतोष कुड़ापे एवं सुश्री नीतू परते सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.



## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**पिपरिया.** वुमेन चाइल्ड ओल्डर्स वेलफेयर सोसायटी एवं मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माथनी में पौधारोपण के लिए रोपणी निर्माण का कार्य किया गया.कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधों के लिए ग्रो बैग तैयार किए तथा वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया. संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकाधिक वृक्षारोपण और उनकी सुरक्षा से ही स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का निर्माण संभव है. ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया.

# सिविल अस्पताल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

**पिपरिया,29जून.राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सिविल अस्पताल पिपरिया में जनपद पंचायत स्वास्थ्य समिति की सभापति कमला रघुवंशी ने नवजात शिशुओं को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया.**

खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोलियो एक गंभीर एवं अपंगता उत्पन्न करने वाली बीमारी है, जिससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय-समय पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना है. उन्होंने अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की.उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों एवं घर-घर जाकर प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाएंगी.

नर्मदापुरम के विकासखंड में 197 शहरी एवं ग्रामीण पोलियो बूथ, सात ट्रांजिट प्वाइंट और तीन मोबाइल टीमों के माध्यम से लगभग 18 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मां नर्मदा की हुई महाआरती



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 29 जून.** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर माँ नर्मदा जी की भव्य महाआरती पं. घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में पंच विप्रजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई. महाआरती के दौरान माँ नर्मदा जी का विशेष पूजन-अर्चन किया गया तथा श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर आरती में मां नर्मदा के प्रति अपनी श्रद्धा दिखाई.

## वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक अधिवेशन समारोह

**विदिशा.** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई विदिशा द्वारा मानव सेवा न्यास भवन में वार्षिक अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं पूर्व सांसद राघवजी ने की. मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र कुमार जैन, प्रदेश महामंत्री बी.के. गुप्ता तथा संभागीय अध्यक्ष डॉ. पी.के. जैन उपस्थित रहे. अतिथियों के उद्बोधन के बाद 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया.

# प्रभारी मंत्री राकेश सिंह आज प्रवास पर

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 29 जून. लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे.**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वे प्रात: 10:30 बजे भोपाल स्थित चार इमली निवास से सड़क मार्ग द्वारा नर्मदापुरम के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 11:30 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर सर्किट हाउस में आयोजित जिला कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे. दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक जनपद पंचायत नर्मदापुरम परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में सहभागिता करेंगे. दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित रेवा सभाकक्ष मंल आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेकर विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करेंगे.

बैठक के उपरांत प्रभारी मंत्री राकेश सिंह दोपहर 2:45 बजे नर्मदापुरम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा अपराह्न 3:45 बजे भोपाल स्थित चार इमली निवास पहुंचेंगे.



# प्रभारी मंत्री करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम 29, जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का जिला स्तरीय समापन समारोह मंगलवार, 30 जून को आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत नर्मदापुरम परिसर में संपन्न होगा.**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन ने बताया कि 19 मार्च से प्रारंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं. शासन के निर्देशानुसार अभियान से जुड़े सभी 12 विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया.उन्होंने बताया कि अभियान में ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, उद्यानिकी, वन, नगरीय निकाय, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जन अभियान परिषद, उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई. ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खेत तालाब, कूप रिचार्ज, जल संरक्षण एवं संवर्धन के विविध कार्यों के साथ व्यापक पौधरोपण कराया गया. अधिकांश विभागों ने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत उपलब्धि भी हासिल की है. समापन समारोह में अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा. ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित विकास से जुड़े नवाचारों एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा. जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जल संरक्षण एवं जनभागीदारी पर आधारित इस महत्वपूर्ण अभियान का समापन गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके.

## विधायक ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**कुरवाई.** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ विधायक हरि सिंह सप्रे ने किया. इस अवसर पर उन्होंने एक बच्चे को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की.कार्यक्रम में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रमोद दीवान एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.विधायक हरि सिंह सप्रे ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा अवश्य पिलाएं. अभिभावक पोलियो बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाएं.

कार्रवाई ▶ कलेक्टर के निर्देश पर चौतलाय में कार्रवाई की गई

# 1.63 हेक्टेयर शासकीय भूमि हुई अतिक्रमण मुक्त

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 29, जून. जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चौतलाय में शासकीय तालाब भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई.**

कार्रवाई के दौरान ग्राम चौतलाय स्थित खसरा क्रमांक 151, कुल रकबा 1.631 हेक्टेयर शासकीय तालाब भूमि पर किए गए कच्चे अतिक्रमण को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. अतिक्रमण हटाने के उपरांत तालाब की भूमि को विधिवत ग्राम पंचायत चौतलाय को सुपुर्द किया गया, जिसे ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा ग्रहण किया गया. संपूर्ण कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं विधिसम्मत ढंग से संपादित की गई.



**▶ कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में लिया था संज्ञान**

विगत दिनों कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान तालाबों एवं अन्य शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे. कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में राजस्व विभाग द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई के प्रथम चरण में संबंधित अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया गया था. इसके पश्चात राजस्व अधिकारियों द्वारा भूमि का चिन्हांकन कराया गया. चिन्हांकन उपरांत लगभग 1.63 हेक्टेयर शासकीय तालाब भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री पूनमसिंह सलामे, संबंधित राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारीगण तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम उपस्थित रही.